## एक नजर में

### आपसी विवाद को लेकर मारपीट, मामला दर्ज

**राजगढ़ 01 मार्च, का.** बीते 28 फरवरी को पंचायत भवन के सामने ग्राम पीपलखेड़ा पुरोहित में विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है. पुलिस ने फरियादी रामनिवास पिता हीरालाल सौंधिया, उम्र 23 वर्ष की रिपोर्ट पर शिवनारायण पिता लक्ष्मी नारायण सौंधिया, महेंद्र पिता हरिसिंह सौंधिया, बंटी पिता हरिसिंह सौंधिया, रामनिवास उर्फ कन्हैया पिता इंदरसिंह सौंधिया के विरूद्ध धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी (सामूहिक रूप से मारपीट, गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी के तहत दर्ज कर लिया है. पुलिस के अनुसार आपसी विवाद के चलते फरियादी के साथ मारपीट की गई तथा गंदी गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी गई.

### किराना व्यापारी एसोसिएशन की बैठक संपन्न



**सारंगपुर 01 मार्च, सं.** ग्राम पाडल्या माता जी गांव की किराना व्यापारी एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को स्थानीय कैलाश पाटीदार की दुकान में संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष ने की. जबकि संचालन महासचिव द्वारा किया गया. बैठक में गांव के विभिन्न किराना दुकान के व्यापारियों ने भाग लिया और व्यापार से जुड़ी कई अहम समस्याओं एवं सुझावों पर चर्चा की. जिसमें अहम निर्णय लिए गये. बैठक में कैलाश पाटीदार, निर्मल जयसवाल, सुनिल महेश्वरी, फरमान मंसुरी, अफजल मंसूरी, फारूक मंसूरी, वल्लभ पालीवाल, महेश जैन, पिंटू सोनी, पप्पू जैन, सादीक मंसूरी, समीर मंसूरी, वहीद मंसूरी, अय्युब मंसूरी, मुकेश सेठ, नेपाल सोंधिया, मुख्तियार मंसूरी, सियानी सेठ, अभिषेक गुर्जर, नितेश पुष्पद सहित अन्य लोग मौजूद रहे.

### शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**सुठालिया 01 मार्च, सं.** स्थानीय थाना परिसर में रविवार को आगामी त्यौहारों होली रंगपंचमी और ईंद को लेकर शांति समिति की अहम बैठक आयोजित की गई. बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों जनप्रतिनिधियों सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित नगरवासियों ने सहभागिता करते हुए त्यौहारों को आपसी भाईचारे सौहार्द पूर्ण वातावरण के साथ मनाने का संकल्प लिया. बैठक में नगर में लगभग एक दर्जन स्थानों पर सोमवार मंगलवार की दरमियानी रात में होलिका दहन होगा. जिसमें सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे. होली पर हरे भरे वृक्ष न काटें व खराब रंगों का प्रयोग न करें. मंगलवार को ग्रहण काल होने के कारण धुलेंडी बुधवार को, वहीं 8 मार्च को रंगपंचमी मनाई जाएगी. इस दौरान परलापुरा से परंपरागत गैर नगर में निकाली जाएगी. बैठक में प्रभारी तहसीलदार दोजीराम अहिरवार, हेड कांस्टेबल आशीष दुबे, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरिराज लोधी, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक अग्रवाल, पार्षद आकाश अग्रवाल मोंटी, दुल्लाशाह मालवीय, पार्षद प्रतिनिधि ओमप्रकाश पालीवाल, सूरज अहिरवार, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश पालीवाल, पदमसिंह लोधी, भाजपा नेत्री माधवी सिंह परमार, हांजी अब्दुल गफ्फार खान, छुट्टू भाई कुलदीप सिंह राठौड़, अखिलेश पालीवाल, अतुल विश्वकर्मा, रामू चोरसिया, डीजे संचालक पत्रकारगण स्थानीय नागरिक उपस्थित थे.

# स्वास्थ्य मंत्री ने कहा स्टॉफ की पूर्ति करेंगे

## भोपाल से गुना जाते समय बायपास पर रुके स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल

**नगर से गुजरते समय स्वास्थ्य मंत्री ने ली स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी**



**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 01 मार्च, का.** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल भोपाल से गुना जाते समय हाईवे पर रुके, मंत्री द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से स्वास्थ्य सुविधाओं एवं कार्य संबंधित जानकारी ली, वहीं स्वास्थ्य विभाग प्रबंधन द्वारा चिकित्सकों एवं स्टॉफ की कमी से अवगत कराया. जिस पर मंत्री द्वारा चिकित्सकों एवं स्टॉफ की कमी को पूरा करने हेतु आश्वस्त किया गया.

जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल भोपाल से गुना की ओर जाते समय दोपहर में कुछ समय के लिए स्थानीय हाईवे ट्रीट के यहां रुके. यहां पर उनके द्वारा जिले एवं स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की. ट्रामा सेंटर के संदर्भ में उन्होंने इसके संचालन हेतु समुचित चिकित्सक, स्टॉफ सुविधा दिए जाने का भरोसा दिलाया.

### हाईवे के संगम वाले अस्पताल में नहीं हड्डी रोग विशेषज्ञ

नगर से दो राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरे है, ऐसे में यहां पर काफी यातायात का दबाव रहता है, आये दिन सड़क दुर्घटनाओं के मामले आते रहते है, बावजूद इसके स्थानीय सिविल अस्पताल में कई वर्षो से हड्डी रोग विशेषज्ञ के नहीं होने से सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वालों एवं हड्डी संबंधी मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है. थोड़ी बहुत हड्डी में परेशानी के चलते उन्हें जिला चिकित्सालय या अन्य जगह बाहर जाकर उपचार कराना पड़ता है.

### विशालकाय भवन है पर ईलाज करने वालों की कमी

जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पतालों सहित उप स्वास्थ्य केन्द्रों में वर्षो से चिकित्सक, स्टॉफ की कमी बनी हुई है. शासन द्वारा भले ही करोड़ों रुपये से विशालकाय अस्पताल भवन बना दिए गये, संसाधन जुटा दिए गये है किंतु चिकित्सक, स्टॉफ की कमी के चलते कई जगह यह विशालकाय भवन, संसाधन शोपीस बने हुए है, इनका उचित उपयोग होकर आमजन को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके इसके लिए जरुरी है कि चिकित्सक, स्टॉफ की कमी को दूर किया जाये.

### आधा ही स्टॉफ, विशेषज्ञ नहीं

सौ बिस्तरों वाले स्थानीय सिविल अस्पताल में चिकित्सकों, विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा नर्सिंग स्टॉफ की काफी कमी है. ब्यावरा सिविल अस्पताल में नियमित एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों के लगभग 17 पद है, जिनमें से वर्तमान में 10 ही चिकित्सक है. इनमें भी हड्डी रोग विशेषज्ञ, मेडिसिन सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद रिक्त पड़े हुए है. साथ ही नर्सिंग स्टॉफ में भी पद रिक्त है, ऐसे में स्वास्थ्य सुविधाओं के बेहतर संचालन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, स्वास्थ्य मंत्री श्री शुक्ल द्वारा जल्द ही चिकित्सकों, स्टॉफ की कमी को पूरा करने हेतु आश्वस्त किया गया.




## स्व सहायता समूह की महिलाओं के साथ मनाया होलीं उत्सव



**सारंगपुर 01 मार्च, सं.** ग्राम भैंसवा माताजी में ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला पंचायत अंतर्गत स्व-सहायता समूह द्वारा आयोजित होली मेला का आयोजन किया गया. जिसमें विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल सम्मिलित हुए. उन्होंने स्व सहायता समूह की महिलाओं को संबोधित किया. एक बगिया माँ के नाम परियोजना, आजीविका विपणन बाजार, देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन, सामुदायिक प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्र (ष्ट्रस्ञ्जष्ट) पोर्टल, एक जिला एक उत्पाद अंतर्गत स्थानीय उत्पादों की पैकेजिंग और मार्केटिंग के लिए सरकारी सहयोग, समूहों को स्कूल मध्यान्ह भोजन आंगनबाड़ी पूरक पोषण आहार रेडी टू ईट की बात कही. इस अवसर पर श्री टेट वाल द्वारा स्वदेशी मेले का आत्मीय निरीक्षण करते हुए स्व-सहायता समूह की बहनों द्वारा तैयार किए गए उत्कृष्ट उत्पादों को देखा. इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ इक्षित गड़पले, राजगढ़ एसडीएम निधि भारद्वाज, आजीविका मिशन से संदीप सोनी सहित मिशन की समस्त मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही.




## श्रीनाथ जी को अर्पित हुए रंग-गुलाल

**राजगढ़ 01 मार्च, सं.** माह के पावन अवसर पर राजगढ़ के प्राचीन मंदिरों में स्थित बड़े श्रीनाथ जी और छोटे श्रीनाथ जी मंदिर में आज श्रद्धा और उल्लास के साथ फाग महोत्सव मनाया गया. भक्तों ने भगवान श्रीनाथ जी को पलाश के फूलों से बनी प्राकृतिक गुलाल एवं रंग अर्पित कर होली का उत्सव मनाया. मंदिर परिसर में हवेली संगीत और पारंपरिक फाग राग की मधुर प्रस्तुतियों के बीच भगवान को प्रेमपूर्वक लाड़ लगाया गया. भक्ति रस में सराबोर वातावरण में वैष्णव जनों ने भगवान के साथ रंग खेलकर फाग उत्सव की आनंदमयी अनुभूति की. हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में महाआरती का भव्य आयोजन किया गया. आरती के पश्चात भगवान श्रीनाथ जी को मोहनथाल का भोग अर्पित किया गया तथा प्रसाद वितरण किया गया. पूरे मंदिर परिसर में भक्ति, रंग और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला.

### हिन्दू उत्सव समिति 4 को मनाएगी धुरेड़ी

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 01 मार्च, का.** रंगपंचमी के अवसर पर नगर में 8 मार्च को हिंदू उत्सव समिति द्वारा पारंपरिक गेर निकाली जाएगी. इसको लेकर शनिवार रात्रि को स्थानीय खाटू श्याम मंदिर परिसर में समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें यह निर्णय लिया गया. बैठक में होली, धुलेंडी और रंगपंचमी पर्व के आयोजन पर विस्तार से चर्चा हुई. समिति ने निर्णय लिया है कि यह गेर 8 मार्च को सुबह 9 बजे मातामंड मोहल्ले स्थित शीतला माता मंदिर से पूजा-अर्चना के साथ शुरू होगी. जो सुठालिया रोड, मेन मार्केट, सुभाष चौक, जगात चौक, एसडीएम निवास, पुराना ए.बी.रोड, पीपल चौराहा से होते हुए चिंताहरण हनुमान मंदिर पहुंचेगी जहां महाआरती का भव्य आयोजन होगा. इसके बाद गेर का समापन होगा. हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा के अनुसार बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये है. जिनमें होलिका दहन 2 मार्च को किया जाएगा, जबकि धुलेंडी पर्व 4 मार्च को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा. 3 मार्च को ग्रहण होने के कारण उस दिन धुलेंडी नहीं मनाई जाएगी. 8 मार्च को निकलने वाली गेर के संयोजक गिरिराज शर्मा होंगे, जबकि रामेश्वर सोनी और सुनील जाटव सह-संयोजक की जिम्मेदारी निभाएंगे.

# गांव के पास मिली हनुमान मंदिर की दानपेटी



**नवभारत न्यूज**
**पड़ाना 01 मार्च, सं. नगर के जाटव मोहल्ला स्थित प्रसिद्ध खेड़ापति हनुमान मंदिर से विगत दिनों सोमवार मंगलवार की रात में अज्ञात चोरो के द्वारा मंदिर परिसर में रखी दान पेटी चुरा कर ले गए थे. वह चोरी गई दान पेटी रविवार को शाम 6 बजे जाटव मोहल्ला के पीछे खेत में टूटी हुई हालत में पाई गई है.**

बताया जा रहा है कि छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा इसी खेत में इमली का पेड़ है जब छोटे-छोटे बच्चे इमली खाने के लिए गए थे परंतु मोहल्ले के लोगों को पता था कि हनुमान मंदिर से दान पेटी चोरी हो गई है चोरी गई दान पेटी हनुमान मंदिर की है जो की एक प्लास्टिक के बोरे में लपेटी हुई थी तथा दान पेटी के नीचे के हिस्से के पैर दिख रहे थे. लोगों की भीड जमा हो लोगों के द्वारा इसकी सूचना पुलिस चौकी पड़ाना में दी गई पुलिस के द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर दान पेटी को अपने कब्जे में लिया.

### अवैध वसूली के आरोप में प्रकरण दर्ज

**राजगढ़ 01 मार्च, का.** गत 28 फरवरी को आवेदक प्रदीप कलोसिया पिता बाबूलाल कलोसिया, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम पटेलपुरा द्वारा थाना तलेन में शिकायत प्रस्तुत की गई. आवेदन के अनुसार धर्मेन्द्र बामनियां एवं जितेन्द्र नायक निवासी कालापीपल जिला शाजापुर द्वारा स्वयं को पत्रकार बताते हुए पंचायत के कार्यों में अनियमितता होने की बात कही गई तथा समाचार प्रकाशित कर छवि खराब करने की धमकी देकर अवैध रूप से रुपये की मांग की गई. आवेदक के कथन अनुसार आरोपियों द्वारा 6 हजार की मांग की गई, जिस पर भयवश आवेदक द्वारा पंचायत के सहायक सचिव के माध्यम से मोबाइल नंबर पर फोन-पे द्वारा 4, हजार की राशि ट्रांसफर कराई गई. ट्रांजेक्शन विवरण में राशि जितेन्द्र नायक के नाम प्रदर्शित होना बताया गया है.



## 41 वर्षों की सेवा के बाद अशोक पच्चीसिया सेवानिवृत्त

**नवभारत न्यूज, पचौर 01 मार्च, सं.** शासकीय माध्यमिक विद्यालय पदमपुरा के प्रधानाध्यापक अशोक पच्चीसिया की सेवानिवृत्ति पर सरपंच जगदीश सिंह परमार एवं पटेल दामोदर लहरी के आतिथ्य में प्रभारी प्राध्यापक कॉर्न लुईस इक्का ने श्री पच्चीसिया के शिक्षा क्षेत्र में योगदान की सराहना की. अशोक पच्चीसिया ने अपने 41 वर्षों के सेवाकाल को याद किया. उन्होंने बताया कि आज गांव की 100 से अधिक बालिकाएं उच्च शिक्षा के लिए बाहर जा रही हैं. अपने परिवार का उल्लेख करते हुए बताया कि उनकी चार बेटियां हैं, एक डीएसपी के पद पर कार्यरत है, एक अमेरिका में इंजीनियर है और दो बेटियां उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं. कार्यक्रम में रघुराज राणा, पुरुषोत्तम वैष्णव, अमित बंसल, बनवारी मालवीय, बनवारी सोनी, राजेंद्र पच्चीसिया, ब्रजेश विजयवर्गीय, दौलत सिंह सिसोदिया, बंटी छाबड़ा, शैलेंद्र शर्मा पत्रकार, जगदीश गुप्ता, अनिल शर्मा, छगन सिंह झाला, मुरलीधर शर्मा, राधेश्याम सोंधिया पंचायत सचिव, समंदर मकवाना, गोपाल सिसोदिया, हरि सिंह परमार, निधि विजयवर्गीय, सपना विजयवर्गीय, आशा शर्मा, गायत्री नागर, लक्ष्मी ठाकुर, सरिता दिवाकर, संजय विजयवर्गीय, गोविंद पच्चीसिया आदि शामिल हुए.

## माहेश्वरी महिला मंडल के चुनाव सम्पन्न, सुनीता डांगरा बनी अध्यक्ष

**नवभारत न्यूज**
**तलेन 01 मार्च, सं. राजगढ़ जिला माहेश्वरी महिला मंडल के चुनाव तलेन में सर्वसम्मति से निर्विरोध सम्पन्न हुए. यह पूरे संगठन के लिए हर्ष और गौरव का विषय रहा. सौहार्दपूर्ण एवं एकमत वातावरण में चुनाव प्रक्रिया पूरी की गई.**




निर्वाचन प्रक्रिया प्रदेश माहेश्वरी महिला मंडल की अहिल्या आंचल की संयुक्त मंत्री किरण लाखोटिया के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुई. साथ ही देवास जिला माहेश्वरी महिला मंडल की जिला सचिव मनीषा लाठी, निर्वाचन अधिकारी मीना मोदानी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी कुमोद बियानी के मार्गदर्शन में चुनाव प्रक्रिया पूरी हुई. कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष सुनीता डांगरा, सचिव अमृता बिहानी, संगठन मंत्री भावना डांगरा, कोषाध्यक्ष मधुलता सोडानी, प्रचार मंत्री गीता परतानी, सांस्कृतिक मंत्री सीमा बिहानी उपाध्यक्ष सरिता कागया, उपाध्यक्ष मोनिका माहेश्वरी संयुक्त मंत्री प्रीति काकानी, संयुक्त मंत्री बृजलता जाजू का चयन किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में नीता मनोज जाजू का विशेष योगदान रहा. राजगढ़ की पूर्व जिला अध्यक्ष शालिनी भट्टर ने कहा कि एकता ही संगठन की सच्ची शक्ति होती है. तलेन महिला संगठन द्वारा बैठक के बाद फाग उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम में सभी ब्लाकों की बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. साथ ही कार्यक्रम के दौरान नृत्य और भजनों की प्रस्तुति दी गई.

### गांव-गांव पहुंचकर कर रहे हनुमान चालीसा पाठ

**नवभारत न्यूज, कुरावर 01 मार्च, सं.** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा गांव-गांव पहुंचकर हनुमान चालीसा पाठ किया जा रहा है. इसी क्रम में ग्राम कोटरी कला हनुमान मंदिर में पाठ किया गया. इस अवसर पर विभाग अध्यक्ष मुकेश बाबा, जिला अध्यक्ष भारत सिंह मीणा, सुनील पटेल, उपाध्यक्ष संजय सिंह सिसोदिया, मनोज कुमार मेवाड़ा, नंदकिशोर चौधरी, दिलीप सिंह मीणा, सुरेश वर्मा, ओम प्रकाश जोशी, मानसिंह मीणा, रामस्वरूप चंद्रवंशी, जगदीश विश्वकर्मा, पीयूष चंद्रवंशी, जितेंद्र साहू, घीसालाल विश्वकर्मा, आदि शामिल रहे.

# एकाग्रता और मानसिक संतुलन के लिए पुलिस बल ने किया ध्यान

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 01 मार्च, का.** मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार तथा हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट (कान्हा शांतिवनम, तेलंगाना) के संयुक्त तत्वावधान में संचालित साप्ताहिक रविवारीय ध्यान श्रृंखला के अंतर्गत रविवार को एकादश हार्टफुलनेस ध्यान सत्र का आयोजन रक्षित केंद्र, राजगढ़ में किया गया.

सत्र का प्रारंभ हार्टफुलनेस पद्धति पर आधारित एक प्रेरक वीडियो से हुआ, जिसमें ध्यान के दौरान आने वाले अन्य विचारों से कैसे संतुलित एवं सजग रूप से निपटा जाए, इस विषय पर वर्तमान वैश्विक मार्गदर्शक परम पूज्य दाजी के विचार प्रस्तुत किए गए. हार्टफुलनेस के सहायक समन्वयक गोरख पारूलकर द्वारा विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया. कार्यक्रम के अंतर्गत रिलैक्सेशन, ध्यान, आंतरिक शुद्धिकरण (क्लीनिंग) एवं प्रार्थना आदि प्रक्रियाओं का सामूहिक अभ्यास कराया गया. रिलैक्सेशन का क्रियात्मक संचालन रक्षित निरीक्षक हितेंद्र शर्मा रीवा द्वारा कराया गया.

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि नियमित ध्यान अभ्यास से मानसिक एकाग्रता, धैर्य, सकारात्मक चिंतन एवं भावनात्मक संतुलन का विकास होता है. कार्यक्रम में जिले की विभिन्न इकाइयों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.

**कवि सम्मेलन** — जिला मुख्यालय पर गिरनार सिटी में आयोजित कवि सम्मेलन में देर रात तक झूमें श्रोता, कवि और शायरों ने सुनाई रचनाएं

# अब आगे भूख रस्सी पर चलेगी, मदारी का इशारा हो गया है..!

**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 01 मार्च, का.** शनिवार रात गिरनार सिटी में आयोजित कवि सम्मेलन एवं गजल संध्या ने श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया. देश के नामचीन कवियों, शायरों ने अपनी उत्कृष्ट रचनाओं से खूब दाद देने को मजबूर कर दिया. कार्यक्रम में अतिथि के रूप में एड विनय जैन गुना, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, भाजपा नेता मनोज हाड़ा, मोना सुस्तानी, यूके चौधरी, संजीव चौधरी, अमित जबेरा, मनीष जोशी काका, श्याम गुर्जर, साकेत शर्मा, केपी पंवार, श्याम मंडलोई सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. इस अवसर पर कई कवियों ने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया. प्रमुख कवियों की प्रभावी रचना प्रस्तुत है-

हमारे कद के बराबर ना आ सके जो लोग, हमारे पांव के नीचे खुदाई करने लगे.

कभी हराम की दौलत को घर में मत लाना, जो चाहते हो कि औलाद सर उठाकेर चले.

कौन मुफलिस, कौन है जरादार मत देखा करों

दोस्ती की है तो कारोबार मत देखा करों,

सिर्फ यह देखों कि पड़ोसी तो भूखा नहीं, कौन से महजब का है किरदार मत देखा करों.

**विजय तिवारी, भोपाल**

---------

प्यारा है हिन्द हमको अपना यूं दिल से, जां से होता है प्यार जैसे बुलबुल को गुलसितां से

**-केके कुरेशी नाजा, राजगढ़**

--------

जन्म देते ही मां बच्चे में ये धन छोड़ देती है वो उसकी धड़कनों में अपनी धड़कन छोड़ देती है

मैंरी बेटी मचलकर मान जाती है खिलोने बिन, वो ऐसा करके मुझमें कई उलझन छोड़ देती है.



कई आंखों से रोता है, गरीबी जिस्म यह तेरा,

जो आंसु थम भी जाते है तो छाला फूट जाता है, तुम्हारा गम हमारा हो गया, समंदर और खारा हो गया है, अब आगे भूख रस्सी पर चलेगी, मदारी का इशारा हो गया है.

**-पंकज पलाश, शाजापुर**

---------

गीत गा ले गुनगुनाले मन, आज भर ले अपना खालीपन

आंख से आंसु गिरे जितने, सिर्फ उतना ही धुला दामन.

तितलियां ख्वाबों में क्या आई, सुर्खियों में आ गया बचपन.

टूटना तकदीर है वरना, इतना नाजुक भी नहीं दर्पण

**-दीपक जैन गुना**

---------

एक चिड़ियां आपके पिंजरे की रौनक हो गई, और वे बच्चें जिनकी चोंच से दाना गया.

दुनिया को ठोकर पर रख्खा, प्यार नहीं ठुकराया हमने.

दिल ने हमकों जां दिलवाई, दिल को दिल दिलवाया हमने.

बिरहा राग बनाया हमने, सहरा-सहरा गाया हमने.

खुद्दारी ने जितना मांगा, उतना दिया किराया हमने.

दहशत ने कालीन बिछाई, रक्शे जुनून फरमाया हमने.

**भरतदीप माथुर, आगरा**

---------

हम भी दुनिया की तरह हो ले क्या, बहती गंगा में हाथ धो ले क्या.

दोस्त है तू तो जानता है सब, फिर भी नाराज है तो बोले क्या

उसने पैसे गिने गिनाए गिने, हम भी शक्कर की थैली तौले क्या

जंग लगने लगी है सांकल पर, खुद ही दस्तक दे, खुद ही खोले क्या, धंस गये है पांव रेगिस्तान में, रास्ता कदमों के ऊपर आ गया.

**अनुराग अर्श इंदौर**

-------------

मजहब के चश्में से इंसा मत देखो, हर मजहब का इंसा इंसा होता है, चंद सिक्कों में बुजुर्गो की निशानी बेचकर, क्या धनि हो जाओगे पुरानी बेचकर

दो ही कमरे एक किचन है वो भी चौथे फ्लोर पर, यह मिला हमको हवेली खानदानी बेचकर

गांठ मैंने बांध ली थी खुदखुशी के वास्ते, फिर यकायक ध्यान आया, एक रस्ता ओर है.

मुझे बचपन से पता था घर का एक ही रास्ता, चोर ने घुसकर बताया एक रस्ता और है.

**-सत्येंद्र भारिल्ल राजगढ़**

---------

मगरूर समंदर तुझे मालूम नहीं क्या, रस्ता तके है जानकी उस पार राम का, उनको ही नज्र कर दी गई है उनकी कहानी, बस राम ही निभा सके किरदार राम का.

आज फिर से वक्त ने यादों की चिठ्ठी खोल दी, यूं लगा जैसे मैंरे जख्मों से पट्टी खोल दी.

जब उठा यह प्रश्न क्या तैंरे भी अंदर राम है, एक पल सोचे बिना हनुमत ने छाती खोल दी.

**-अमन जादौन, शाजापुर**

---------

कैसे कहू कि आंसुओं से तर नहीं हूं मैं, तुमसे किसी भी हाल में बेहतर नहीं हु मैं, दिलवर से बिछुड़ने का गिला कैसे न करू, इंसान हूं कोई बेजुंबा पत्थर नहीं हूं, मैं पलभर की मुलाकात कहानी से कम नहीं, राजा तैरा मैं और तू रानी से कम नहीं, तुझसे बिछुड़के आज मैंरी आंखों से बही, आंसू की बूंदे गंगा के पानी से कम नहीं.

**-कन्हैया राज, ब्यावरा**

---------

कौन कहता है कि मेरी माँ को अब दिखता नहीं वो अभी भी टांक देती है बटन टूटा हुआ

**राहुल कुम्भकार, ब्यावरा**

---------

हाल है गरीब जैसा, जेब में नहीं है पैसा, होटल पे रोटियाँ उधार खाके आया हूँ

**-मनीष गोस्वामी, सुठालिया**

इसके साथ ही जानिब विशाल इंदौर, आलोक बल्लभ, शाहिद प्रहरी राजगढ़, देवा मौर्य ब्यावरा आदि ने प्रभावी रचना पाठ किया. कवि सम्मेलन का संचालन शायर सत्येन्द्र भारिल्ल ने किया.